## मंगलाबाई भागवत फाऊंडेशन

हिंदी (लोकभारती)

समय : ३ घंटे | कक्षा -10 वी | अंक : 80

---

**सूचनाएँ** - १) सूचना के अनुसार गद्य, पद्य, पूरक पठन तथा भाषा अध्ययन (व्याकरण) की आकलन कृतियों में आवश्यकता के अनुसार आकृतियों में ही उत्तर लिखना अपेक्षित हैं ।

२) सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग करें ।

३) रचना विभाग (उपयोजित लेखन) में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए आकृतियों की आवश्यकता नहीं हैं ।

४) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है ।

### विभाग - 1 – गद्य : 2

**प्र. 1) अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।** **(८)**

| | | |
|---|---|---|
| **उमा** | : | (तेज आवाज़ में) जी हाँ, और हमारी बेइज़्ज़ती नहीं होती जो आप इतनी देर से नाप-तौल कर रहे हैं ? |
| **शंकर** | : | बाबू जी, चलिए । |
| **गो. प्रसाद** | : | क्या तुम कॉलेज में पढ़ी हो ? (**रामस्वरूप चुप**) |
| **उमा** | : | जी हाँ, मैं कॉलेज में पढ़ी हूँ । मैंने बी.ए. पास किया है । कोई पाप नहीं किया, कोई चोरी नहीं की और न आपके पुत्र की तरह लड़कियों के होस्टल में ताक-झाँककर कायरता दिखाई है । मुझे अपनी इज़्ज़त, अपने मान का खयाल तो है लेकिन इनसे पूछिए कि ये किस तरह नौकरानी के पैरों में पड़कर अपना मुँह छिपाकर भागे थे । |
| **रामस्वरुप** | : | उमा, उमा ! |
| **गो. प्रसाद** | : | **(खड़े होकर गुस्से में)** बस हो चुका । बाबू रामस्वरूप आपने मेरे साथ दगा किया । आपकी लड़की बी.ए. पास है और आपने मुझसे कहा था कि सिर्फ मैट्रिक तक पढ़ी है (दरवाज़े की ओर बढ़ते हैं ।) |
| **उमा** | : | जी हाँ, जाइए, ज़रूर चले जाइए ! लेकिन घर ज़ाकर जरा यह पता लगाइएगा कि आपके बेटे के रीढ़ की हड्डी भी है या नहीं - याने बैकबोन, बैकबोन – **[बाबू गोपाल प्रसाद के चेहरे पर बेबसी का गुस्सा है । और उनके लड़के के रूलासापन । दोनों बाहर चले जाते हैं । उमा सहसा चुप हो जाती है ।]** |

(1) संजाल पूर्ण कीजिए ।



(2) कारण लिखिए । (2)

(i) गोपाल प्रसाद का रामस्वरुप पर गुस्सा होना –

______________________________

(ii) उमा का तेज़ आवाज़ में बोलना -

______________________________

(3) गद्यांश में आई हुई दो समानार्थी शब्दों की जोड़ियाँ ढूँढ़कर लिखिए । (2)

i) ________ = ________

ii) ________ = ________

(4) 'लडकियों की शिक्षा' से संबंधी अपने विचार २५ से ३० शब्दों में लिखिए । (2)

**प्र. 1 आ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।** (8)

संपत्ति के स्वामित्व और उसके अधिकार को बात जानने के लिए यह समझना ज़रूरी है कि संपत्ति किसे कहते हैं और वह बनती कैसे है ?

आम तौर से माना जाता है कि रुपया, नोट या सोना-चाँदी का सिक्का ही संपत्ति है, लेकिन यह ख्याल गलत है क्योंकि ये तो संपत्ति के माप-तौल के साधन मात्र हैं । संपत्ति तो वे ही चीज़े हो सकती हैं जो सकत हैं जो किसी-न-किसी रूप में मनुष्य के उपयोग में आती हैं । अन्न, वस्त्र और मकान मनुष्य की प्राथमिक आवश्यकताएँ हैं, जिनके बिना उसकी गुज़र-बसर नहीं हो सकती । इनके अलावा दूसरी अनेक चीज़े हैं जिनक बिना मनुष्य रह सकता है ।

प्रश्न उठता है कि संपत्तिरूपी ये सब चीज़े बनती कैसे हैं ? सृष्टि में जो नानाविध द्रव्य तथा प्राकृतिक साधन हैं, उनको लेकर मनुष्य शरीर श्रम करता है, तब यह काम की चीज़े बनती हैं । अतः संपत्ति के मुख्य साधन दो हैं : सृष्टि के द्रव्य और मनुष्य का शरीर श्रम । यंत्र से कुछ चीज़े बनती दिखती हैं पर वे यंत्र भी शरीर श्रम से बनते हैं ।

(1) उत्तर लिखिए । (2)

i) **संपत्ति के माप-तौल के साधन**

________ ________

ii) **मनुष्य की प्राथमिक आवश्यकताएँ**

________ ________

2) उत्तर लिखिए । (2)

**संपत्ति का स्वामित्व और अधिकार को जानने के लिए इन्हें समझना ज़रूरी है** < ______ / ______

3) i) लिंग पहचानकर लिखिए । (2)

१) मकान - ______ २) संपत्ति - ______

ii) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश से ढूँढ़कर लिखिए । (2)

१) गौण x ______ २) अप्राकृतिक x ______

4) **"मनुष्य की आवश्यकताएँ केवल संपत्ति से पूर्ण नहीं होतीं",** इसपर अपने विचार 25 से 30 शब्दो में लिखिए । (2)

**प्र. 1 इ) निम्नालिखित अपठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।** (4)

मानव समाज में अनेक ऐसी मान्यताएँ और विश्वास प्रचलित हैं, जिनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं हैं, इन्हीं को अंधविश्वास के नाम से जान जाता है । इन्हीं अंधविश्वासों में किसी कार्य को प्रारंभ करते समय या घर से बाहर निकलते समय छींक देना, बिल्ली का रास्ता काट जान, घर पर उल्लू का बोलना, टूटते तारे को देखना आदि प्रमुख हैं । इन अंधविश्वासों को मान्यता प्राप्त होने का मुख्य कारण संभवता सही जानकारी का अभाव तथा धर्म का प्रभाव है । कभी-कभी ये अंधविश्वास हानि का कारण बनते है । बच्चे के बीमार हो जाने पर लोग उसका इलाज करवाने के बजाय नज़र लगने को बीमारी का कारण मानते हैं । नज़र उतारने के लिए झाड़-फुँक करवाना एवं ताबीज आदि बाँधना कभी-कभी बच्चे के जीवन तक को खतरे में डाल देते हैं । कुछ महिलाएँ अपने बच्चों को नज़र लगने से बचाने के लिए उन्हें काला टीका लगाती हैं । अंधविश्वासों के चंगुल से निकलने के लिए हमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना होगा । वैज्ञानिक दृष्टिकोण तभी प्राप्त हो सकेगा जब शिक्षा का व्यापक प्रचार-प्रसार हो ।

1) i) उत्तर लिखिए । (1)

1) **मानव समाज में प्रचलित दो अंधविश्वास** < ______ / ______

ii) निम्नलिखित कथन पढ़कर केवल सत्य अथवा असत्य लिखिए । (1)

1) अंधविश्वासों का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं होता ।

2) कभी-कभी ये अंधविश्वास हानि का कारण नहीं बनते ।

2) 'समाज में फैला अंधविश्वास' दूर करने संबंधी उपाय 25 से 30 शब्दो में लिखिए । (2)

## विभाग - 2 – पद्य : 12

**प्र. 2 अ) निम्नालिखित अपठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।** (6)

हिमालय के आँगन में उसे, किरणों का दे उपहार
उषा ने हँस अभिनंदन किया, और पहनाया हीरक हार ।
जगे हम, लगे जगाने विश्व, लोक में फैला फिर आलोक
व्योमतम पुंज हुआ तब नष्ट, अखिल संसृति हो उठी अशोक ।
विमल वाणी ने वीणा ली, कमल कोमल कर में सप्रीत
सप्तस्वर सप्तसिंधु में उठे, छिड़ा तब मधुर साम संगी ।.....
विजय केवल लोहे की नहीं, धर्म की रही धरा पर धूम
भिक्षु होकर रहते सम्राट, दया दिखलाते घर-घर घूम ।

1) पद्यांश में प्रयुक्त इन शब्दों से सहसंबंध दर्शाने वाले शब्द लिखिए । (2)
   i) हिमालय ________ ii) किरण ________
   iii) विमल ________ iv) कोमल ________

2) i) 'हार' शब्द के भिन्नार्थ लिखिए । (1)
   1) ________ 2) ________
   ii) पद्यांश में उपसर्ग युक्त शब्द ढूँढ़कर लिखिए । (1)
   1) ________ 2) ________

3) उपर्युक्त पद्यांश से अंतिम चार पंक्तियों का सरल अर्थ हिंदी में लिखिए । (2)

**प्र. 2 आ) निम्नालिखित अपठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।** (6)

मुझको मेरा अंत पता है पँखुरी-पँखुरी झर जाऊँगा
लेकिन पहिले पवन परी संग एक-एक के घर जाऊँगा
भूल-चूक की माफी लेगी सबसे मेरी गंध कुमारी
उस दिन ये मंडी समझेगी किसको कहते हैं खुद्दारी
बिकने से बेहतर मर जाऊँ अपनी माटी में झर जाऊँ
मन ने तन पर लगा दिया जो वो प्रतिबंध नहीं बेचूँगा ।

1) ऐसे दो प्रश्न तैयार कीजिए जिनके उत्तर निम्न शब्द हो । (1)
   1) पवनपरी 2) मंडी
   ii) पदयांश में इनके अर्थ के लिए आए शब्द । (1)
   1) शरीर - ________ 2) आत्मा - ________

2) i) लिंग बदलिए । (1)
   1) खुददार - ________ 2) बेचूँगा - ________
   ii) पद्यांश में आए शब्दयुग्म ढूँढ़कर लिखिए । (1)
   1) ________ 2) ________

3) उपरलिखित पद्यांश के प्रथम चार पंक्तियों का सरल अर्थ हिंदी में लिखिए । (2)

## विभाग - 3 – पूरक पठन : 8 अंक

**प्र. 3 अ) निम्नालिखित अपठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए । (4)**

जिस गली में आजकल रहता हूँ - वहाँ एक आसमान भी है लेकिन दिखाई नहीं देता । उस गली में पेड़ भी नहीं हैं, न ही पेड़ लगाने की गुंजाइश ही है । मकान ही मकान हैं । इतने मकान कि लगता है मकान पर मकान लदे हैं । लंद-फंद मकानों की एक बहुत बड़ी भीड़, जो एक सँकरी गली में फँस गई और बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं हैं । जिस मकान में रहता हूँ, उसके 'बाहर' झाँकने से बाहर नहीं सिर्फ़ दूसरे मकान और एक गंदी व तंग गली दिखाई देती है । चिड़ियाँ दिखती हैं, लेकिन पेड़ो पर बैठीं या आसमान में उड़ती हुई नहीं । बिजली या टेलीफोन के तारों पर बैठीं, मगर बातचीत करतीं या घरों के अंदर यहाँ-वहाँ घोंसले बनाती नहीं दिखतीं । उन्हें देखकर लगता मानो वे प्राकृतिक नहीं, रबड़ या प्लास्टिक के बने खिलौने हैं, जो शायद ही इधर-उधर फुदक सकते हों या चूँ-चूँ की आवाज़े निकाल सकते हों ।

1) सही विकल्प चुनकर विधान पूर्ण कीजिए । (2)

   i) आजकल लेखक ऐसी गली में रहता है जहाँ -
   मकान ही मकान है/मकान नहीं है/मकानों पर मकान नहीं हैं ।

   ii) गद्यांश में वर्णित गली -
   चौड़ी है/लंबी है/सँकरी है ।

2) 'बढ़ती जनसंख्या के परिणाम' इसपर अपने विचार 25 से 30 शब्दो में लिखिए । (2)

**प्र. 3 आ) निम्नालिखित अपठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए । (4)**

गर डींग जनाब उड़ाएँगे, तो मजबूरन ताने सहिए, ताने सहिए, ताने सहिए ।
हम उस धरती की लड़की हैं ...
यों आप खफ़ा क्यों होती हैं, टंटा काहे का आपस में ।
हमसे तुम या तुमसे हम बढ़-चढ़कर क्या रक्खा इसमें ।
झगड़े से न कुछ हासिल होगा, रख देंगे बातें उलझा के ।
बस बात पते की इतनी है, ध्रुव या रज़िया भारत माँ के ।
भारत माता के रथ के हैं हम दोनों हिदो-दो पहिये, अजी दो पहिये, हाँ दो पहिये ।
हम उस धरती की संतति हैं ...

1) परिणाम लिखिए । (2)

   i) झगड़े करेंगे तो -

   ii) गर डींग उड़ाएँगे तो -
   चौड़ी है/लंबी है/सँकरी है ।

2) 'समाज में स्त्री और पुरुष दोनों का महत्त्वपूर्ण स्थान है', इसपर अपने विचार 25 से 30 शब्दो में लिखिए । (2)

## विभाग - 4 – पूरक पठन : 14 अंक

**प्र. 4 सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।** **(14)**

1) अधोरेखांकित शब्द का शब्दभेद पहचानकर लिखिए । (1)

झाड़ी के पास एक <u>बौना</u> आदमी खड़ा था ।

2) निम्नलिखित अव्ययों में से <u>किसी एक</u> अव्यय का अपने वाक्य में प्रयोग किजिए । (1)

1) एकाएक 2) लेकिन

3) कृति पूर्ण किजिए । (कोई एक) (1)

| **शब्द** | **संधि विच्छेद** | **संधि भेद** |
|---|---|---|
| सूर्योदय | ________ + ________ | ________ |
| ________ | दुः + जन | ________ |

4) निम्नलिखित वाक्यों में से <u>किसी एक</u> सहायक क्रिया को पहचानकर उसका मूल रूप लिखिए । (1)

i) खयाल आते ही मैं काँप उठा ।

ii) उनके रीति-रिवाज़ो का अध्ययन करना पड़ा ।

| **सहायक क्रिया** | **मूल क्रिया** |
|---|---|
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |

5) निम्नलिखित वाक्यों में से <u>किसी एक</u> सहायक क्रिया को पहचानकर उसका मूल रूप लिखिए । (1)

| **क्रिया** | **प्रथम प्रेरणार्थक रूप** | **द्वितीय प्रेरणार्थक रुप** |
|---|---|---|
| i) उठना | ________ | ________ |
| ii) हँसना | ________ | ________ |

६) निम्नलिखित मुहावरों में से <u>किसी एक</u> मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग किजिए । (1)

| **क्रिया** | **प्रथम प्रेरणार्थक रूप** | **द्वितीय प्रेरणार्थक रुप** |
|---|---|---|
| i) टाँग अड़ाना | ________ | ________ |
| ii) मुँह मारना | ________ | ________ |

अधोरेखांकित वाक्यांश के लिए उचित मुहावरे का चयन करके वाक्य फिर से लिखिए ।
(शेखी बघारना, आजीविका चलना)
आशा को अपनी <u>प्रशंसा करना</u> पसंद है ।

7) निम्नलिखित वाक्य पढ़कर प्रयुक्त कारकों में से कोई एक कारक पहचानकर उसका भेद लिखिए । (1)

i) उसे हल करने के लिए अनेक घनघोर युद्ध हुए ।

ii) सीरचन को बुलाया गया

| कारक चिह्न | कारक भेद |
|---|---|
| ______________ | ______________ |
| ______________ | ______________ |

8) निम्नलिखित वाक्य में यथास्थान उचित विरामचिह्न का प्रयोग करके वाक्य फिर से लिखिए । (1)
काकी ने पूछा क्या तुम्हारी अम्मा ने दी है

9) निम्नलिखित वाक्यों में से किसी दो वाक्यों का सूचना के अनुसार काल परिवर्तन किजिए । (2)

i) रचनात्मक कार्यों को लोकचेतना का माध्यम बनाया । (अपूर्ण वर्तमानकाल)

ii) महाराज ठंडाई माँग रहे हैं । (सामान्य भूतकाल)

iii) वे यंत्र भी भरीर श्रम से बनते हैं । (सामान्य भूतकाल)

10) i) निम्नलिखित वाक्य रचना के आधार पर भेद पहचानकर लिखिए । (1)
तुम दोनों की मर्ज़ी होती तो गाय को अब तक चारा मिल चुका होता ।

ii) निम्नलिखित वाक्यों में से किसी एक वाक्य का अर्थ के आधार पर दी गई सूचनानुसार परिवर्तन किजिए । (1)

1) यही जीवन का सत्य भी है । (विस्मयार्थक वाक्य)

2) थोड़ी बातें हुई । (निषेधार्थक वाक्य)

11) निम्नलिखित वाक्यों को शुदध करके वाक्य फिर से लिखिए । (1)

i) उसका लिए आप चिंता न करे ।

ii) बँडपथक का सुरीली धुन सुनाई दी ।

## विभाग - 5 – रचना विभाग (उपयोजित लेखन) : 26 अंक

**प्र.5 अ) 1) पत्र-लेखन** (5)

निम्नलिखित जानकारी के आधार पर पत्र-लेखन किजिए ।

श्याम/श्यामा पांडेय, गजानन सोसाइटी, तिलक नगर, कोल्हापुर से अपने मित्र/सहेली अमित/अमिता शर्मा, १०/३७, मीरा सोसाइटी, नाशिक को कथाकथन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त होने के उपलक्ष्य में बधाई देते हुए पत्र लिखता/लिखती है ।

**अथवा**

नीलेश/नीला जाधव, फुले नगर, अमरावती से क्षेत्रीय अधिकारी के नाम अपने क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को हटाने हेतु पत्र लिखता/लिखती है ।

... 8.

**2) गद्य आकलन - प्रश्न निर्मिति ।** **(5)**

निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर ऐसे चार प्रश्न तैयार किजिए, जिनके उत्तर गदयांश में एक-एक वाक्य में हों ।

> हमारे राष्ट्रनिर्माताओं में सुभाषचंद्र बोस का स्थान अद्वितीय है । उन्होंने सस्ती लोकप्रियता के आगे स्वयं को या अपने सिद्धांतों को कभी नहीं झुकाया । उनकी नीति के कट्टर विरोधी भी उनकी इस दृढता, स्पष्टवादिता और तेजसविता की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते थे ।
>
> सुभाषचंद्र बोस भारत से रहस्यपूर्ण ढंग से अंग्रेज़ो के सशस्त्र पहरे से निकल गए । विदेशों में जाकर उन्होंने आज़ाद हिंद फौज और सरकार का संगठन किया । देश की आज़ादी की खातिर उनका बलिदान अनुपम है । वे वीरता, शौर्य, साहस, निडरता तथा निर्भीकता के प्रतीक थे । सुभाषचंद्र बोस को उनके अनुयायी प्यार से नेताजी कहकर पुकारते थे । महात्मा गांधी की तरह वे भारत की आज़ादी के एक महान योदधा थे । दोनों में मात्र अंतर यह था कि गांधीजी संत और सैनिक दोनों थे जबकि सुभाषचंद्र बोस प्रारंभ से अंत तक सैनिक थे ।

**प्र.5 आ) 1) वृत्तांत-लेखन ।** **(5)**

अभिनव विद्यालय, ऐक्य नगर, लातूर में मनाए गए "विज्ञान दिवस" समारोह का 70 से 80 शब्दों में वृत्तांत-लेखन किजिए ।
(वृत्तांत में स्थान, समय, घटना का उल्लेख आवश्यक है।)

**अथवा**

कहानी-लेखन ।
निम्नलिखित शब्दों के आधार पर लगभग 70 से 80 शब्दों में कहानी लिखिए तथा उचित शीर्षक दीजिए ।

> एक लडका --- रोज़ निश्चित समय पर घर से निकलता --- देर से वापस आना --- माँ का परेशान होना --- सच्चाई का पता चलना --- गर्व अनुभव होना ।

**2) विज्ञापन-लेखन ।** **(5)**

निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर 50 से 60 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार किजिए ।

| | | |
|---|---|---|
| शैक्षिक योग्यता | | कालावधि |
| | **सोसाइटी के लिए सुरक्षा रक्षक की आवश्यकता है** | |
| आयु सीमा | | संपर्क |

**प्र.5 इ) निबंध-लेखन ।** **(5)**

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पर 80 से 100 शब्दों में निबंध लिखिए ।

1) विज्ञान प्रदर्शनी में एक घंटा
2) मेरे सपनों का भारत
3) प्रदूषण एक समस्या

★★★★★